आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्र आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। ध्वजारोहण से पहले प्रधानमंत्री राजघाट गए और महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उन जवानों के बलिदान को याद किया जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये थे। उन्होंने कहा कि आज शुभ घड़ी है, जब हम देश की आजादी के लिए मर मिटने वालों और अपना जीवन समर्पित करने वाले आजादी के दीवानों को नमन कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं। इनमें भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने, पारंपरिक औषधि और स्वास्थ्य कल्याण के क्षेत्र में विकसित देश बनने, देश को जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का सुझाव शामिल है।

उन्होंने कहा कि अगर एक सौ चालीस करोड़ देशवासी संकल्प लेकर एक दिशा में चल पड़ेंगे तो तमाम चुनौतियों के बावजूद भी हम समृद्ध भारत बना सकते हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बना सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण अपने परिजन खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में सदियों पुरानी नालंदा भावना को जागृत करना होगा और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाना होगा। नई शिक्षा नीति 2020 में भाषा के कारण प्रतिभा के लिए बाधा न आए इसके प्रयास किये गये हैं। इस नीति के अनुसार हर गरीब का सपना पूरा हो सकेगा। श्री मोदी ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा पर हमारे देश के युवा विदेशों में जा रहे हैं। उनकी शिक्षा के लिए लाखों रूपये खर्च हो जाते हैं। इनकी सुविधा के लिए हमने एक लाख मेडिकल सीट बढ़ाई हैं और अगले पांच वर्ष में मेडिकल लाइन में 75 हजार नई सीटें तैयार की जाएंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के कारण देश में रोष है। महिलाओं के साथ अपराधों की जल्द से जल्द जांच और दोषियों को जल्द सजा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश की घटनाओं पर पड़ोसी देश के नाते भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत वहां हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहता है। सरकार बांग्लादेश की विकास यात्रा में सहभागी बनी रहेगी।

****

प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस पर विविध कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर ध्वजारोहण किया। इसके बाद विधान भवन के गेट नंबर एक पर भी मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प की वर्षा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की खासतौर पर चर्चा की और कहा कि इसके तहत 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। 50 लाख युवाओं के रोजगार के नए सृजन को गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि एक मंडल एक विश्वविद्यालय की संकल्पना साकार हो रही है। अब हम एक जनपद एक विश्वविद्यालय की ओर बढ़ रहे हैं। लखनऊ में अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय बन कर तैयार है। मेरठ में प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय बन रहा है।

प्रदेश के अलग अलग जिलों में प्रदेश सरकार के मंत्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण कार्यक्रम और स्वतंत्रता दिवस से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

****

हर घर तिरंगा अभियान 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भी जारी रहा। इसी क्रम में अयोध्या जिले में सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से साधु–संतों की टोली ने देश भक्ति को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाला। वहीं, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाराणसी में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया। उन्होंने लोगों से देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की अपील की।

****

प्रसार भारती ने मीडिया संगठनों को सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पी.बी. शब्द सेवा शुरू की है। मीडिया संगठन मार्च 2025 तक इसका उपयोग निःशुल्क कर सकेंगे। इसके लिए इच्छुक संगठन शब्द डॉट प्रसार भारती डॉट ओआरजी ऑबलिक रजिस्टर लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करा सकते हैं। पी.बी. शब्द का उद्देश्य मीडिया संगठनों को देश की प्रमुख भाषाओं में देशभर की ताजातरीन खबरें उपलब्ध कराना है। इनमें वीडियो, ऑडियो, टैक्स्ट और फोटो शामिल हैं।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान का उद्घाटन किया। आम जनता के लिए इसे शुक्रवार से खोला जाएगा और लोग 15 सितंबर तक अमृत उद्यान का भ्रमण कर सकते हैं।

****

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एमपॉक्स को लगातार दूसरे वर्ष वैश्विक स्वास्थ्य आपदा घोषित किया है। इस वायरल संक्रमण की शुरूआत अफ्रीकी देश कांगो से हुई थी । यह संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने से फैलता है।

****